1	2	3
3.	हरियाणा	229
4.	गुजरात	28
5.	केरल	194
6.	कर्नाटक	190
7.	मध्य प्रदेश	833
8.	उड़ीसा	138
9.	पंजाब	108
10.	तमिलनाडु	198
11.	उत्तर प्रदेश	323
12.	पश्चिम बंगाल	76
13.	दिल्ली (सं. शा. प्र.)	28
	जोड़	4338

(ख) वर्ष 1991-92 के दौरान विद्युतीकरण कार्यों के लिए 235 करोड़ रुपए के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

(ग) अभी तक मध्य प्रदेश राज्य में पड़ने वाले 1756 मार्ग कि० मी० में विद्युतीकरण हो चुका है जो सभी ग्रामानों के रेलपथ का 29.92% है। इसके अलावा, मध्य प्रदेश राज्य में 833 मार्ग कि० मी० में विद्युतीकरण के कार्य चल रहे हैं।

न्यू मुम्बई में कलवा-नेरूल रेल लाइन

1108. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि न्यू मुम्बई में कलवा-नेरूल रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस मार्ग पर स्थानीय यात्री गाड़ियां कब से शुरू किए जाने की संभावना है ;

(ग) नेरूल-बेलापुर मार्ग का कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है और इस मार्ग पर रेल गाड़ियां का चलना कब से शुरू हो जाने की संभावना है ;

(घ) मान-खुर्द न्यू मुम्बई रेल लाइन का कार्य कितना पूरा हो चुका है और यह काम कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ;

(ङ) क्या यह सच है कि कलवा-नेरूल लाइन पर रेल गाड़ियां वी० टी० से शरू किए जाने का विचार है ; और

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं।

(ख) से (घ) (i) कालवा-तुर्भे-जुई-नगर माल यातायात के लिए एक साइडिंग है जिसका सिडकों के लिए निक्षेप कार्य के रूप में निर्माण किया जा रहा है। साइडिंग का कालवा से तुर्भे तक का मार्ग पूरा

कर लिया गया गया है और कालवा-तुर्भे माल साइडिंग होने के कारण इस पर यात्री यातायात के संचलन की कोई योजना नहीं है ।

(ii) जुइनगर-नेरूल-बेलापुर खंड मानखुर्द-बेलापुर रेल लाइन परियोजना का भाग है जिसे दैनिक यात्री यातायात के लिए 1992 में खोले जाने की संभावना है ।

(ङ) जी नहीं ।

(च) प्रश्न नहीं उठता ।

कोंकण रेलवे बांड्स

1109. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कोंकण रेलवे बान्ड्स जारी किए जा चुके हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन पर के दी जाने वाली ब्याज की दर वे कम होने के कारण उनके प्रति निदेशकों ने उत्साह नहीं दिखाया है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ब्याज दर में वृद्धि करने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि उपयुक्त (ग) का उत्तर "हां" हो, तो ब्याज की संशोधित दर क्या होगी ?

रेल मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) भारतीय रेल वित्त निगम को 150 करोड़ रुपए तक के बांड जारी करने और रकम वसूल हो जाने पर उसे कोंकण रेलवे परियोजना के लिए कोंकण रेलवे निगम लि० को दे देने के लिए प्राधिकृत किया गया है, भारतीय रेल वित्त निगम ने अभी तक 40.64 करोड रुपए मूल्य के बांड जारी किए हैं और इस प्रकार जमा की गयी रकम कोंकण रेलवे निगम को अन्तरित कर दी गयी है ।

(ख) प्रतिक्रिया उत्साहवर्धक नहीं रही है ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Paanch Pawli Fly-over project of Nagpur

1110. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the progress Government have so far made in the work on the Paanch Pawli Fly-over Project at Nagpur; and

(b) by when the Project is likely to be completed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) The progress on the bridge proper over the tracks being executed by the Railway is 80 per cent; the progress on the bridge approaches being executed by the State Government is 65 per cent.

(b) The work is likely to be completed by June, 1992.

Derailment of goods train near Sitarampur

1111. SHRI SUNIL BASU RAY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there was a derailment involving 4 wagons carrying goods near Sitarampur on 4|9|91 causing disruption of train movement;

(b) whether Government have conducted an enquiry into the causes of the accident; if so, by whom;

(c) whether it is a fact that the derailment was the overloading;

(d) whether serious cases of illegal overloading and consequential loss of revenue were detected by the enquiry authorities; and

(e) if so, what action Government have taken so-far in the matter?